सिंहस्थ भूमि : अवैध आश्रमों पर सुबह 6 बजे पहुंच गई जेसीबी

मोक्षदायिनी मां शिप्रा नदी किनारे निर्माणाधीन ढांचे ध्वस्त, 30 करोड़ श्रद्धालुओं की तैयारी के बीच नियम तोड़ने वालों पर प्रशासन सख्त

उज्जैन। 12 साल बाद शहर का विकास महाकुंभ के दौरान होता है, सड़कों का चौड़ीकरण ,निर्माण कार्य, विकास कार्य तेजी से शहर में हो रहे हैं। ऐसे में कई लोगों ने रेसीडेंशियल और कमर्शियल से लगाकर आश्रम और वेयरहाउस तक सिंहस्थ मेला क्षेत्र में बना लिए, इस वजह से विकास कार्य बाधित हो रहा था यही कारण है कि नगर निगम ने बुधवार को सुबह 6 से ही जेसीबी मौके पर पहुंचा दी और कार्रवाई शुरू कर दी।

महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, घाटों के सुव्यवस्थीकरण और साधु-संतों व श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि इन तैयारियों में बाधा बनने वाले अवैध निर्माणों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूरे अभियान के दौरान नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अपर आयुक्त, एसडीएम, तहसीलदार, सहायक आयुक्त सहित निगम की रिमूवल टीम और पुलिस बल ने मिलकर कार्रवाई को शांतिपूर्वक संपन्न कराया।

शासन ने दोहराया है कि सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। आने वाले समय में भी चिन्हित स्थलों पर इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सिंहस्थ 2028 के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाएं बिना किसी बाधा के पूरी की जा सकें।

नरसिंह घाट से लालपुर ब्रिज तक कार्रवाई-30 करोड़ श्रद्धालु आएंगे

इसी क्रम में नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से जोन क्रमांक 03 अंतर्गत नृसिंह घाट से लालपुल ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई की। सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच निगम का अमला मौके पर पहुंचा और मोक्षदायिनी मां शिप्रा नदी के किनारे निर्माणाधीन अवैध ढांचों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जेसीबी की मदद से तीन से चार निर्माणों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन के अनुसार सिंहस्थ 2028 में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में मेला क्षेत्र को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाना प्राथमिकता है। इसके बावजूद बिना अनुमति के व्यावसायिक, आवासीय और धार्मिक गतिविधियों के नाम पर निर्माण कार्य किए जा रहे थे। इन्हीं में निर्माणाधीन आश्रम भी शामिल थे, जिन्हें हटाया गया। कार्रवाई के दौरान लालपुर स्थित श्री स्वामी संदीपेंद्र आश्रम, नृसिंह घाट क्षेत्र में श्री क्षत्रिय कलोता समाज पारमार्थिक न्यास तथा अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज से जुड़े निर्माणाधीन ढांचों पर कार्रवाई की गई। एक निर्माणाधीन आश्रम का स्ट्रक्चर भी हटाया गया, जो नियमों के अनुरूप अनुमति के बिना बनाया जा रहा था।

नेताओं के फोन बंद

मकान, दुकान, वेयरहाउस, आश्रम आदि तरह के अवैध निर्माण, अतिक्रमण जिन लोगों द्वारा कर लिए गए। उनके यहां पर जब नगर निगम की गैंग जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन जेसीबी लेकर पहुंचा, तो कई लोगों ने और साधु संतों ने भाजपा नेताओं को फोन लगाए, पार्षदों से लगाकर अध्यक्ष और अन्य नेताओं को फोन घनघनाने लगे। सुबह-सुबह फोन बजते हुए देख नेताओं ने माजरा समझ लिया, और बगैर कोई बातचीत किए अपने फोन बंद कर लिए मामला कांग्रेसियों तक भी पहुंचा। चूंकि महाकुंभ 2028 के तहत विकास कार्य हो रहे हैं इस समय सभी ने चुप्पी साध ली।

चौड़ीकरण में बाधा डालने के आरोप में दो गिरफ्तार

उज्जैन। ढाबा रोड पर को चौड़ीकरण कार्य में बाधा डालने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ नगर निगम उपयंत्री द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। खड़ाकुआं थाना पुलिस ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत टंकी चौक से मावा बाजार-ढाबारोड मार्ग पर रोड चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है, जिसका ठेका बिलीफ विल्डकान कंपनी को दिया गया है। मंगलवार शाम कंपनी के ट्रैक्टर चालक विक्रम एवं श्याम मलबा परिवहन कार्य कर रहे थे, तभी नासीर लाला एवं गुलरेज खान अपने अन्य साथियों के साथ आए और ट्रैक्टर चालकों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आए नगर निगम कर्मचारियों के साथ भी आरोपियों ने झूमाझटकी एवं मारपीट की। मामले की शिकायत मुकुल मेश्राम, उपयंत्री, नगर निगम उज्जैन द्वारा थाना खाराकुआं पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में दोनों के खिलाफ शासकीय के कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एक नजर में

अनुकूल रत्न ही बनाते हैं मानसिक संतुलन

उज्जैन। ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में उज्जैन के ख्यात ज्योतिषाचार्य एवं भूगर्भ शास्त्री डॉ. विजय टेलर ने भारतीय ज्ञान परंपरा में रत्नों के वैज्ञानिक महत्व को प्रतिपादित किया। 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित इस सेमिनार में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. टेलर ने कहा कि रत्न केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह ब्रह्मांडीय ऊर्जा और मानव जीवन के संतुलन का विज्ञान है। भूगर्भीय रत्न विज्ञान का ज्योतिषीय महत्व विषय पर प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. टेलर ने बताया कि पृथ्वी के गर्भ में कार्बन, कैल्शियम, आयरन और कॉपर जैसे तत्वों की रासायनिक क्रियाओं से रत्नों का निर्माण होता है। जहां आधुनिक विज्ञान इसे भौतिक प्रक्रिया मानता है, वहीं वेदों में इसे कालचक्र और सृष्टि क्रम से जोड़ा गया है। उन्होंने रत्नों के त्रिगुणात्मक वर्गीकरण को स्पष्ट करते हुए बताया कि सूर्य, चंद्र व गुरु सतोगुण; बुध व शुकत रजोगुण तथा मंगल, शनि, राहु व केतु तमोगुण का प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. टेलर ने स्पष्ट किया कि अनुकूल रत्न सौर किरणों को ग्रहण कर शारीरिक व मानसिक संतुलन साधते हैं, जबकि प्रतिकूल रत्न हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए उचित परामर्श आवश्यक है। उन्होंने समुद्र मंथन और दधीचि प्रसंगों के जरिए रत्नों के पौराणिक संदर्भ भी रखे। अध्यक्षता जीवाजी विवि के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने की। सेमिनार में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उपमहानिदेशक डॉ. सतीश त्रिपाठी, राजा रमन सिंह विवि की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, प्रो. एसएन महापात्र सहित देश के कई विद्वान उपस्थित थे। समापन पर कुलगुरु एवं संयोजक ने डॉ. विजय टेलर का विशेष सम्मान किया। यह जानकारी अरविंद जैन ने दी।

27 को निकलेगी भव्य निशान यात्रा

उज्जैन। महाकाल की नगरी में सिद्ध आश्रम, रामघाट स्थित प्राचीन पारदेश्वर महादेव मंदिर परिसर के खाटू श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फाग महोत्सव का उल्लास छाएगा। बाबा श्याम के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में 26 से 28 फरवरी तक निशान यात्रा, भजन संध्या और दादी मंगल पाठ सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। आयोजन की शुरुआत आज गुरुवार 26 फरवरी (दशमी) को सुबह 10:00 बजे होगी। पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा बाबा श्याम का दूध, दही, पंचामृत और गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान को नए बागे (वस्त्र) धारण कराकर पुष्पों और सुगंधित इत्र से विशेष श्रृंगार कर आरती की जाएगी। इसी दिन दोपहर 2:00 बजे से महिला मंडल द्वारा दादी मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। फाग महोत्सव का मुख्य आकर्षण शुक्रवार, 27 फरवरी (आमलकी एकादशी) को निकलने वाली निशान यात्रा रहेगी। शहर में चल रहे विकास कार्यों के कारण इस वर्ष यात्रा के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। यात्रा सुबह 10 बजे गोपाल मंदिर से प्रारंभ होकर पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, सवारी मार्ग और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट मंदिर पहुंचेगी। सुसज्जित रथ में बाबा श्याम विराजमान होंगे और डीजे व बैंड-बाजों की धुन पर श्याम प्रेमी हाथों में निशान (ध्वज) लेकर चलेंगे। मंदिर पहुंचने पर भक्त निशान अर्पित करेंगे और महाआरती के बाद भोजन प्रसादी होगी। शाम 6:00 बजे से मंदिर प्रांगण में अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भव्य भजन संध्या और फाग उत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव का समापन शनिवार, 28 फरवरी को सुबह 9.30 बजे खीर-चूरमा के भोग और ज्योत दर्शन के साथ होगा। श्याम सेवा समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने में सरोज अग्रवाल, तरुण मित्तल, सुरेंद्र जोशी, सुनील अग्रवाल, राजेश सारडा, विजय गोयल, संतोष शर्मा, सुधा अग्रवाल, रेखा गोयल सहित समस्त श्याम सेवा समिति सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

सीए तोतला बने उज्जैन सीए ब्रांच के चेयरमैन

उज्जैन। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन शाखा के वर्ष 2026-27 के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन के पश्चात सर्वानुमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सीए आशीष तोतला को अध्यक्ष, सीए मनीष राठी को उपाध्यक्ष, सीए अनिश चौधरी को सचिव और सीए रितेश तलरेजा को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा सीए आतुष जैन सिकासा अध्यक्ष तथा सीए अकृत जैन सीपीई संयोजक निर्वाचित किए गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष तोतला ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य शाखा के सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सेमिनार, व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करना रहेगा, जिससे सदस्यों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके।

कंपनी सचिव परीक्षाओं के परिणाम घोषित

उज्जैन। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) ने बुधवार को दिसंबर-2025 सत्र की कंपनी सचिव (सीएस) प्रोफेशनल और एग्जीक्यूटिव परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए। उज्जैन केंद्र के परिणाम मिले-जुले रहे, जहां प्रोफेशनल कार्यक्रम के दूसरे समूह में एक चौथाई से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संस्थान ने नई दिल्ली में परिणाम जारी करने के साथ ही इसे आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईसीएसआई डॉट ईडीयू पर उपलब्ध करा दिया है। एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम के परीक्षार्थी वेबसाइट से ही अपना 'ई-परिणाम-सह-अंक विवरण' (ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट) डाउनलोड कर सकते हैं। इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष अंकित मेड़तवाल ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। उज्जैन केंद्र से प्रोफेशनल कार्यक्रम के समूह-1 में 0.50 प्रतिशत और समूह-2 में 25.34 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम (2022 पाठ्यक्रम) के समूह-1 में 16.97 प्रतिशत और समूह-2 में 22.93 प्रतिशत परीक्षार्थियों को सफलता मिली है। संस्थान ने आगामी परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। प्रोफेशनल व एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम का अगला सत्र 1 जून से 7 जून 2026 तक प्रातः कालीन सत्र में आयोजित होगा। वहीं, कंपनी सचिव एग्जीक्यूटिव प्रवेश परीक्षा (सीएसईईटी) 1 जून से 4 जून 2026 तक दोपहर के सत्र में होगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे।

निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला

उज्जैन। होली महोत्सव नजदीक आते ही धार्मिक नगरी उज्जैन के धर्म स्थलों पर फाग महोत्सव कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार भव्यता से श्री राममहल दरबार, उज्जैन में श्री बालाजी के आशीर्वाद से निशान यात्रा एवं फागोत्सव मेला का आयोजन 27 फरवरी 2026 शुक्रवार को होने जा रहा है। इस अवसर पर खाटूश्याम बाबा की दिव्य-ज्योत श्रृंगार दर्शन, 56 भोग प्रसादी, भोजन प्रसादी और फूलों की होली के साथ मधुर भजनों से बाबा को रिझाया जाएगा। आयोजन कर्ता ने बताया कि परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के आशीर्वाद और उनकी उपस्थिति मे निशान यात्रा दोपहर 3 बजे पिपलि नाका चौराहे से शुरु होकर श्री राम महल खाटू श्याम जी मंदिर जावेगी यात्रा के दौरान हजारों कि संख्या मे श्याम प्रेमी शामिल होंगे वहीं भव्य यात्रा के दौरान कई मंचों से बाबा साहब और भक्तो का स्वागत किया जायेगा तत्पश्चात फाग महोत्सव के आयोजन के बाद भोजन प्रसादी होंगी। सभी भक्तगण बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए सपरिवार आकर फागोत्सव, भजन संध्या और भोजन प्रसादी का लाभ ले सकते हैं।

1 किलो से अधिक गांजे के साथ पकड़ाया युवक

उज्जैन। मादक पदार्थ गांजे के साथ बीती रात एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर बुधवार दो पर न्यायालय में पेश किया गया। युवक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गांजा 15 हजार रुपए से अधिक कीमत का है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि गरोठ रोड उन्हेल नागदा ब्रिज के पास एक युवक मादक पदार्थ ठिकाने लगाने की फिराक में पहुंचने वाला है। पुलिस टीम ने युवक को गिरफ्तार करने के लिए घेराबंदी की। ब्रिज के पास एक युवक दिखाई दिया। जिसके पास एक थैली थी। शंका के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और थैली की तलाशी ली तो उसमें गांजा रखा होना सामने आया जो 1 किलो 355 ग्राम था। थाने लाने पर युवक का नाम राजेन्द्र पिता धूलचंद जैन निवासी बदनावर हालमुकाम नयापुरा उज्जैन होना सामने आया। उससे बरामद गांजे की कीमत 15 हजार रुपए होना सामने आई है। पूछताछ में सामने आया कि वह उज्जैन में रहकर खाना बनाने का काम करता है। गांजा बदनावर से ही लेकर आया था। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। बुधवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार रिमांड अवधि में गांजा उपलब्ध कराने और लेने वाले दोनों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे।

70 साल के बुजुर्ग को बोलेरो चालक ने कुचला

उज्जैन। बुधवार सुबह आगर रोड पर तेज गति से दौड़ती बोलेरो ने स्कूटी सवार वृद्ध को टक्कर मार दी वृद्ध गंभीर रूप से घायल हुआ है। लोगों की मदद से उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। विराट नगर में रहने वाले शकुर पिता सादिक खान 70 वर्ष वाहनों में आयल ग्रीस करने का काम करते हैं। सुबह स्कूटी पर सवार होकर निकले थे और अगर रोड स्थित नाके पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे। जहां से मोहन नगर लौट के लिए स्कूटी से आ रहे थे इस दौरान तेज गति से आई बोलेरो ने टक्कर मार दी। वृद्ध शकुर खान गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है मौके से भागे बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

दो आयशर के बीच भिड़ंत, एक चालक घायल

उज्जैन। गरोठ मार्ग पर बुधवार सुबह धमाके के साथ आयशर का टायर फट गया। अचानक हुए ब्लास्ट से पीछे आ रहा आयशर चालक का संतुलन बिगड़ा और वह आगे चल रही आयशर से टकरा गया। चिमनगंज थाना क्षेत्र से गुजरे गरोठ हाईवे ब्रिज पर आज सुबह 5 के लगभग एक के पीछे एक चल रही दो आयशर में उसे वक्त भिड़ंत हो गई जब आगे चल रही आईसर का पिछला टायर अचानक धमाके के साथ फट गया। टायर ब्लास्ट होते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया। पीछे आ रही आयशर का चालक भी तत्काल ब्रेक नहीं लगा पाया और आगे चल रही आईसर से जा टकराया। हादसा होने पर पीछे चल रही आईसर का चालक आशिक पिता मोहम्मद खान निवासी हरियाणा घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया आशिक ने घटनाक्रम बताते हुए कहा कि वह पीथमपुर से हरी सब्जी लेकर दिल्ली जा रहा था।

महाकाल लोक के पास ई रिक्शा ने मारी बाइक को टक्कर

सुबह दुर्घटना का एक मामला महाकाल लोग के पास हुआ बाइक पर सवार शुभम पिता सुरेश निवासी नीलगंगा को ई-रिक्शा ने टक्तर मार दी। शुभम घायल हुआ है जिसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल ने बताया कि वहां महाकाल मंदिर के पास फुल प्रसाद जी की दुकान लगता है आज सुबह फूल मंडी दूध तलाई से फूल लेकर वापस दुकान लौट रहा था।

इस दौरान रिक्शा चालक ने उसे टक्कर मार दी। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए हैं।

आदेश का पालन नहीं करने पर निरस्त कराई अग्रिम जमानत

उज्जैन। डंपर चोरी के मामले में अग्रिम जमानत करने वाले आरोपी द्वारा न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने और पुलिस के समक्ष पेश नहीं होने पर पुलिस द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त कराई गई है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 12 नवम्बर 2022 को मंगलनाथ पथ बड़नगर में रहने वाले राजेश पिता जगदीशचंद्र चौधरी ने अथर्व पेट्रोल पंप डायवर्सन मार्ग से रात में टाटा कंपनी का डंपर क्रमांक एमपी 13 एच 0738 चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर 13 दिन बाद गुरप्रित पिता लेवरसिंह, विक्की उर्फ विक्रम पिता कमल सिंह राजपूत अहमदाबाद गुजरात, हरीश पिता बालाराम जाट जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर डंपर बरामद कर लिया गया था। तीनों ने अपने साथी ओमप्रकाश पिता शंभुराम निवासी इटावदा मेडता थाना पादुकलां जिला नागौर (राजस्थान) चोरी करना कबूल किया था। गिरफ्त में आये तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया था। सालभर बाद फरार ओमप्रकाश ने न्यायालय से अग्रिम जमानत करा ली थी। न्यायालय द्वारा आरोपी को बंधपत्र पेश करने और चोरी में प्रयुक्त सफारी गाडी क्रमांक जीजे 02 डीएम 6021 पुलिस के समक्ष पेश करने का आदेश दिया था। लेकिन जमानत मिलने के बाद आरोपी ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया और पुलिस के समक्ष पेश होकर गाड़ी नहीं सौंपी। जिसके चलते न्यायालय को अवगत कराया गया और आदेश का उल्लंघन करने की जानकारी दी गई। न्यायालय द्वारा मामले में संज्ञान लेकर आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत निरस्त कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी कर गाड़ी को जप्त करेगी।

राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा ने की महाकाल व अंगारेश्वर की पूजा

उज्जैन। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया बुधवार को उज्जैन आई। वे पहले महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर में जाकर विशेष पूजा-अर्चना कराई। वसुंधरा राजे सिंधिया ने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रांगण स्थित सभामंडप में जाकर उन्होंने श्री वीरभद्र जी एवं श्री महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह में निकलने वाले ध्वज का पूजन भी किया। पूजन संजय गुरु ने संपन्न कराया। इसके

बाद वसुंधरा राजे सिंधिया प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां उन्होंने भगवान का विशेष पंचामृत अभिषेक-पूजन किया। पूजन शासकीय पुजारी पंडित मनीष अर्जुन उपाध्याय ने संपन्न कराया।

पाटीदार का जिलाध्यक्ष बनने पर सम्मान

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं सनातन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने संगठन का विस्तार करते हुए उज्जैन संभाग में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसमें ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति एवं पीठाधीश्वर महंत महावीर नाथ को उज्जैन संभागीय अध्यक्ष और समाजसेवी काशीराम पाटीदार को उज्जैन जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काशीराम पाटीदार का बुधवार को टावर चौक पर सनातन धर्म संस्कार जन्म कल्याण समिति की ओर से भव्य स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष पं. मनोज रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। इन नियुक्तियों को आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए सकारात्मक कदम माना जा रहा है। स्वागत समारोह में पं. विनोद जोशी, पं. रत्नेश व्यास, पं. अभिजीत जोशी, कुलदीप शास्त्री, श्रीराम पाटीदार, संजय जैन, निकेश पाटीदार, निर्मल पाटीदार, सुनील गढ़वाल, रितेश पाटीदार और मनीष दूगड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी पं. विशाल दुबे ने बताया कि संगठन ने सभी सनातन प्रेमियों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

समीक्षा और बैठक कलेक्टर सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक में कार्यों की समीक्षा की

कार्य में लापरवाही : बीएमओ तराना और खाचरौद को कारण बताओ नोटिस जारी करें

नवभारत न्यूज

उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन सम्राट प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में बुधवार को हुआ। बैठक में कलेक्टर सिंह ने आगामी 30 सितंबर तक 06 वर्ष के होने वाले बच्चों के शाला प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज समग्र आईडी, आधार आदि समय पर तैयार कर बच्चों का आगामी 01 अप्रैल को शाला प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने पोषण ट्रैकर पर 06 वर्ष तक के सभी बच्चों के पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में सभी प्रसव संस्थागत हो यह सुनिश्चित किया जाए, बाहर प्रसव होने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। संस्थागत प्रसव के लिए जनपद पंचायत के अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी, ग्राम पंचायत के अधिकारी ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता आपसी समन्वय कर कार्य करें।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि आयुष्मान निरामयम योजना के अंतर्गत 70+ से अधिक वर्ष वालों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बना कर प्रगति रिपोर्ट भेजे। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएमओ तराना और खाचरौद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण को शत प्रतिशत कर यू विन पोर्टल पर समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कुमट, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी, जिला आयुष अधिकारी मनीषा त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र राजपूत, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला मलेरिया अधिकारी डी. एस. सिसोदिया, जिला एन.सी. डी नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य रावल, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिचोलींकर, सीडीपीओ, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनमोल पोर्टल पर समय-समय पर इंट्री करें

मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए मॉडरेट एनीमिक, सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में जनजागरुकता के कार्यक्रमों से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के लिए जागरूक करने, संभावित खतरों से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं में ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य जरूरी जांचें नियमित रूप से करें। इसके साथ ही अनमोल पोर्टल पर समय पर एंट्री करने के निर्देश दिए गए।

बैठक का आयोजन कल

उज्जैन। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अतेंद्र सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 फरवरी को शाम 5 बजे पुलिस कंट्रोल रुम, माधव नगर में आयोजित की जाएगी।